दिनांक 20 मई 2020 स्वच्छ और सुंदर भिलाई

बारिश में जल प्रवाह बना रहे इसलिए की जा रही है बड़े नालों की सफाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बड़े नालो का सफाई कार्य किया जा रहा है! बारिश से पूर्व नालों की सफाई निगम द्वारा कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने , जोन अंतर्गत नालियों की सफाई की जा रही है साथ ही कई स्थानों पर नालियों की खुदाई की जा रही है! ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों में भी नाली को व्यवस्थित करने का कार्य जोन स्तर पर किया जा रहा है! जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर के वार्ड क्रमांक 23 संत रविदास नगर मे मोची मोहल्ला से प्रकाश बेकरी, नंदनी रोड चौरसिया होटल के समीप गुजरने वाले नहर की सफाई की जा चुकी है! वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर के इंदु आईटी के पास बड़ा नाला की सफाई कार्य किया जा रहा है , वार्ड क्रमांक 11 परदेसी चौक से गदा चौक तक नाला सफाई किया गया है, वार्ड क्रमांक 13 स्थित नाला का सफाई किया जा चुका है, वार्ड क्रमांक 17 मुक्तिधाम के सामने के बड़े नाला की सफाई की जा चुकी है, वार्ड क्रमांक 18 शिव मंदिर से एम एल कुमार के घर तक नाला की सफाई की जा चुकी है , वार्ड क्रमांक 19 तालाब किनारे के बड़े नाला की सफाई की जा चुकी है , करुणा हॉस्पिटल से आईसीआईसीआई बैंक होते हुए गौरव पथ पुराना शराब दुकान तक 900 मीटर नाला की सफाई की जा चुकी है, आदर्श नगर हॉस्पिटल से लेकर विवेकानंद नगर 600 मीटर नाला की सफाई की गई है, संतोषी पारा हुडको क्वार्टर से एसएलआरएम सेंटर के सामने बड़े नाला से गौरव पथ तक ढाई सौ मीटर नाला की सफाई की जा चुकी है, वार्ड क्रमांक 30 बालाजी नगर में सिटी टेलर से गांधी विद्यालय तक नाला की सफाई की गई है, वार्ड क्रमांक 31 विद्यालय से सिटी टेलर तक नाला की सफाई की जा चुकी है , वार्ड क्रमांक 33 आदर्श नगर से मांझी चौक तक नाला की सफाई की जा चुकी है! नियुक्त एजेंसी द्वारा दो चैन माउंटेन, दो जेसीबी और चार डंपर के माध्यम से निगम क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई कराई जा रही है! पूर्व में भी नालों की सफाई समय-समय पर की जाती रही है ताकि जल प्रवाह बना रहे एवं आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति न बने!

ATC
JCB